# बड़वानी–आसपास





## बड़वानी में पहली बार होगा मणिपुरी नृत्य



**बड़वानी।** स्पीक मैके संस्था नई दिल्ली द्वारा संपूर्ण भारत वर्ष के साथ-साथ विदेशों में भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य, गायन, वादन, लोक कलाओं का प्रचार-प्रसार 1977 से किया जा रहा है। इसके लिए देश के चुनिंदा दूरदर्शन से मान्यता प्राप्त कलाकारों की प्रस्तुति से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेरित किया जाता है। जिला संयोजक अनिल जोशी ने बताया कि 8 से 13 सितंबर तक जिले में कोलकाता की मणिपुरी नृत्य की प्रमुख कलाकार इवाना सरकार कार्यशाला के लिए आ रही हैं। मणिपुरी नृत्य की जिले में पहली बार प्रस्तुति होने जा रही है। संस्कृति प्रेमी श्रोताओं के लिए 12 सितंबर को सुबह 10 बजे से शहीद भीमा नायक महाविद्यालय सभागृह में कॅरियर सेल के माध्यम से विशेष प्रस्तुति रखी गई है। नृत्य कला प्रदर्शन से बड़वानी जिले के विद्यार्थियों को शास्त्रीय नृत्य सीखने और जानने की जिज्ञासा बढ़ेगी।

## नर्मदा सुमंगल ने किया आव्हान, नर्मदा जी में न करे गणेश प्रतिमा का विसर्जन

**बड़वानी।** भारत की प्रमुख नदियों में से एक प्रमुख नदी नर्मदा जी को प्रदूषण मुक्त कराने के लिए नर्मदा सुमंगल के पदाधिकारियों ने बड़वानी व धार जिले के प्रमुख घाटों का दौरा किया। बड़वानी, दतवाड़ा, लोहारा, नलवाय, बड़दा, मोहीपुरा के साथ धरमपुरी, सेमल्दा, एकलबारा, बड़दा, बोधवाड़ा आदि तटिय क्षेत्र के प्रमुख घाटों पर शुक्रवार को कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। विभिन्न नर्मदा घाट समितियों के सदस्यों से भेंट कर अनंत चतुर्दशी पर होने वाले प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। नर्मदा सुमंगल के राजेन्द्र ठाकुर ने सभी घाट समितियों से आग्रह किया कि घाट पर प्रतिमा विसर्जन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं से तट के निकट कुण्ड में प्रतिमा विसर्जन करवाए। ठाकुर ने बताया कि अधिकांश घाटों पर गणेश प्रतिमा विसर्जन की तैयारी की जा रही है, ताकि मां नर्मदा को स्वच्छ बनाया जा सके। इस अभियान में नर्मदा सुमंगल के राजेन्द्र ठाकुर के साथ संजय पुरोहित, सूरज जाट, लोकेंद्र चौहान, लालु सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता विगत सप्ताह से निरंतर नर्मदा के विभिन्न घाटों पर जनजागरण के लिए पहुंचे।

## जिला अस्पताल में कल लगेगा नेत्र शिविर मोतियाबिंद और कांचबिंद की करेंगे जांच

**बड़वानी।** जिला अस्पताल में सोमवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायन महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि 8 सितंबर को जिला अस्पताल और चोइथराम नेत्र चिकित्सालय के तत्वावधान में मोतियाबिंद और कांचबिंद जांच शिविर का आयोजन होगा। शिविर में आने वाले मरीजों की कोई पूर्व में दवाई या ईलाज चल रहा हो तो साथ लेकर आए। शिविर सुबह 9.30 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। मरीज के साथ एक परिजन का रहना अनिवार्य है। शिविर वाले दिन नेत्र मरीज और उनके परिजनों का लायंस क्लब बड़वानी द्वारा भोजन कराया जाएगा।

## लगातार भारी बरसात में पूरा मुक्तिधाम डूबा



महू. लगातार चल रही मूसलाधार बरसात में जहां जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया. तो वही शहरी इलाकों में पानी पानी हो गया. नदी नाले जहां तूफान पर आए हैं. निचली बस्तियां क्षेत्र में पानी भरने की वजह से लोगों की दिनचर्या बदल गई. इतना ही नहीं कॉलोनी इलाकों में भी भारी बरसात के पानी को सह नहीं सके. मानो पानी का तांडव ऐसा है कि किशनगंज स्थित मुक्तिधाम में विराजे भगवान भोलेनाथ के सामने नंदी बाबा भी डूब गए, परंतु इंद्रदेव कृपा ऐसी थी सिर्फ उन्होंने बाबा के चरणों पर ही स्पर्श किया. तस्वीर बताती है कि पूरा मुक्ति धाम परिसर पानी में तब्दील हो गया. पूरा मुक्तिधाम परिसर डूब गया, लेकिन भगवान भोलेनाथ अपने स्वरूप में ही विराजे दिखाई दिए। इतना ही नहीं, मुक्तिधाम परिसर में पानी भरने की वजह से यहां के स्थानीय लोगों ने बाबा श्री महाकाल के नाम की डुबकी लगाई.

## चोरल नदी में बहे युवक का शव मिला



महू. कालाकुंड में चोरल नदी की दर्दनाक घटना में बहे युवक रोशन का शव शुक्रवार को घटनास्थल से 5 किमी दूर उतेदिया गांव की झाड़ियों में मिल गया. गुरुवार को रोशन नदी पार करने के लिए छलांग लगाने के दौरान तेज बहाव में बह गया था. इस घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है. शुक्रवार सुबह से बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी के आसपास रोशन की तलाश कर रहे थे. शव मिलने के बाद इसकी सूचना सिमरोल पुलिस को दी. जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची पर चोरल नदी में पानी ज्यादा होने के कारण किनारे ही खड़ी रही. पुल निर्माण नहीं होने के वजह से शव को नदी से पार लाने के लिए गांव के लोगों को एक बांस की बल्ली पर चादर में युवक के शव को लपेटकर नदी से पार करना पड़ा. वहीं पुलिस पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपेगी. स्थानीय निवासी आकाश कोहली और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नदी पर पुल न होने के कारण यह हादसा हुआ. इससे पहले भी कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं. ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से पुल निर्माण की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. रोशन भी नदी पार कर अपने घर जा रहा था, जब वह तेज बहाव की चपेट में आ गया.

## महू में विराजित होती है वल्लभ गणपति की अनूठी प्रतिमा

महू. महू में पिछले 28 सालों से लगातार गणेश उत्सव की अद्भुत छटा देखने को मिल रही है. यहाँ 'श्री वल्लभ गणपति' की स्थापना की जाती है, जिनकी पूजा-अर्चना का श्री क्रम पूरी तरह से पारंपरिक और विशेष होता है. गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक चलने वाले इस उत्सव में शहर भर के लोग बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुँचते हैं. इस दौरान विशेष पूजा, जैसे दूर्वा से लक्ष अर्चन, और तर्पण किया जाता है. साथ ही, विद्वान ब्राह्मणों द्वारा श्री गणेश अथर्वशीर्ष का पाठ भी निरंतर चलता रहता है, जिससे यहाँ का वातावरण और भी भक्तिमय हो जाता है. इस साल भी नासिक से विशेष तौर पर लाई गई गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई है. प्रतिमा मिट्टी से बनी है, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती है. अनंत चतुर्दशी के दिन इस प्रतिमा का विसर्जन महेश्वर में विशेष पूजन और अर्चन के साथ किया जाता है. पिछले 28 वर्षों से पंडित कपिल शर्मा( काशी महाराज ) अपने डॉक्टर्स कॉलोनी निवास पर यह आयोजन कर रहे है. यह विशेष परंपरा महू की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है, जो हर साल भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती है.

## चाकूबाजी का आरोपी अय्यूब चंद घंटों में गिरफ्तार

इंदौर. आजाद नगर थाना क्षेत्र में बुधवार रात हुई चाकूबाजी की घटना का पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में पर्दाफाश कर दिया. आरोपी अय्यूब पिता जाहिद पेंटर शाह को थाना पुलिस ने पालदा इलाके से गिरफ्तार किया. घटना की वजह पुरानी रंजिश और अवैध रुपयों की मांग बताई गई है.झ 3 सितंबर की रात करीब 10 बजे चाकूबाजी की घटना में 21 वर्षीय घायल अल्मास पिता रिजवान अंसारी निवासी पुराना कब्रिस्तान, आजाद नगर को एमवाय अस्पताल लाया गया.

# ढोल-नगाड़ों के बीच बप्पा को विदाई

### सेंधवा में भक्तिमय वातावरण के बीच किया प्रतिमाओं का विसर्जन, निवाली में नम आंखों से दी विदाई





**सेंधवा, ( नवभारत )।** शहर में गणेश विसर्जन उत्सव धूमधाम से जारी है। छोटे-बड़े पंडालों से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन ढोल, नगाड़ों और भक्तिमय वातावरण के बीच हो रहा है। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। अनंत चौदस पर क्रेन और ड्रोन की व्यवस्था के साथ श्रद्धालुओं से परंपराओं का पालन करने की अपील की गई। सेंधवा शहर और ग्रामीण इलाकों में गणेश विसर्जन का माहौल भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की गूंज और नृत्य के साथ बप्पा को विदाई दे रहे हैं। घट्या पट्या तालाब व गोई नदी पर नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की टीमें मुस्तैद हैं।

विकास आर्य मित्र मंडल की ओर से बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई थी। धनोरा में जुलूस नगर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरा, जबकि धनोरी डेब नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया। चाचरिया चौकी प्रभारी केशव यादव पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। अनंत चौदस पर श्रद्धालुओं से धार्मिक परंपराओं के अनुरूप विसर्जन करने की अपील की गई। क्रेन की सुविधा छोटे घटिया-पटिया नाले पर दोपहर 11 बजे से शाम 6 बजे तक उपलब्ध क्रेन की मदद से बड़ी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। भाजपा नेता विकास आर्य द्वारा क्रेन की व्यवस्था की गई थी।

### गणपति बप्पा को विदाई

**निवाली।** नगर में नम आंखों से गणपति बप्पा को विदाई दी। गणपति अपने गांव चले कैसे हम को चेन पड़े गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के नारे लगाते हुए गणपति बप्पा का विसर्जन किया गया। नगर में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपने हाथों में गणेश जी को विसर्जन के लिए जाते रहे व बाप्पा को अपने प्रेम से नारे लगाते नजर आए। गणपति बप्पा 27 अगस्त को सभी ने अपने घर पर विराजमान किया था। 6 सितंबर की सुबह से ही गणेश विसर्जन का चल समारोह निकलता रहा। वहीं रात्रि में अनंत चौदस पर एक से एक झांकिया भी नजर आई। जिन्हें हजारों की संख्या में रात भर लोग निहार रहे। थाना प्रभारी रामकृष्ण लौवंशी की पूरी टीम द्वारा विसर्जन स्थल झांकियों के चल समारोह में सुरक्षा की भारी व्यवस्था देखते रहे।

**पुलिस प्रशासन मुस्तैद**

- तालाब व नदी पर नपा और पुलिस की टीमें मुस्तैद रही।
- बड़ी प्रतिमाओं का क्रेन की मदद से किया विसर्जन।

# गौ-तस्करी पर निवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**निवाली, ( नवभारत )।** जिले में अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के लिए एसपी जगदीश डावर (भापुसे) के निर्देशों के तहत पुलिस ने गौ-तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की। महाराष्ट्र की ओर जा रहे पिकअप वाहन (छोटा हाथी) को दबोचा।

पुलिस ने बाताया कि 4 सितम्बर को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि वाहन क्रं. एमपी-46ज़ेडएफ-2234 में अवैध रूप से गौवंश भरकर महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है। सूचना पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजपुर आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निवाली उनि आरके लौवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरटीओ बैरियर तलाव पर घेराबंदी कर वाहन को पकड़ा।

वाहन में 3 नग गौवंश निर्दयता पूर्वक ठुंसकर भरे थे। पुलिस ने पिकअप वाहन जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई में गणेश पिता राजु चौहान, अनिल पिता राजु चौहान एवं गोपाल पिता राजु चौहान सभी निवासी सुदामा कॉलोनी सेंधवा को गिरफ्तार किया। 3 नग गौवंश अनुमानित कीमत 35000, वाहन अनुमानित कीमत 600000 कुल 635000 जब्त किया है। कार्रवाई में उनि आरके लौवंशी थाना प्रभारी निवाली, सउनि धर्मेंद्र केसरे, सउनि कमलेश कुशवाह, आर सुमेरसिंह, आर रवि जाधव की भूमिका रही।

# फिलिस्तीन का झंडा लहराने पर युवक गिरफ्तार



**सेंधवा, ( नवभारत )।** शहर में ईद मिलादुन्नबी जुलूस के दौरान फिलिस्तीन का झंडा लहराने पर टैगोर बेड़ी निवासी इरफान पिता लुकमान अली 21 साल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद देर रात शहर थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी से पांच लाख रूपए का बाउंड ओवर भी भराया, ताकि भविष्य में वह इस तरह की गतिविधियों से दूर रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि त्यौहारों के दौरान पुलिस का खुफिया तंत्र सक्रिय है और शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों व सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

**एक नजर में** — दस लक्षण धर्म के समापन पर उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर आयोजित हुई धर्मसभा

# अनंत चतुर्दशी पर निकली भगवान की शोभायात्रा



**नवभारत न्यूज़ बड़वानी 07 सितम्बर.** आज ना तो पुरुषों को और ना ही महिला को मर्यादा है। इंद्रियों के वशीभूत होकर हम सभी अपने जीवन, यौवन को काम वासना की भट्टी में झौंक रहे हैं। समय रहते समय को जान लीजिए सदा संतोष व्रत का पालन करोगे तो देवता भी रक्षा करने आते हैं। उक्त उदगार स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर में विराजित राष्ट्र संत गणाचार्य विराग सागर महाराज की शिष्या श्रमणि विदुषी आर्यिका मां विकुंदन माताजी ने धर्मसभा में बताया।

शनिवार प्रात: भगवान के अभिषेक, शांतिधारा, आरती नित्य नियम पुजन संपन्न हुए। साथ ही 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपुज्य का मोक्ष कल्याणक होने से निर्वाणकांड का वाचन कर भगवान वासुपुज्य की पूजा कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। दोपहर में भगवान की शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग से निकाली जो जैन मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा, आरती के बाद समाप्त हुई। दस लक्षण जी की माल की बोली का सौभाग्य सुरेश चंद काला परिवार को मिला और भगवान की शांतिधारा का सौभाग्य गौरव ओम प्रकाश काला को। शाम को भगवान की आरती और माला वाले परिवार का बहुमान किया।

**चढ़ाया निर्वाण लाडू**

भगवान के अभिषेक, शांतिधारा, आरती नित्य नियम पुजन संपन्न हुए। 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपुज्य का मोक्ष कल्याणक होने से निर्वाणकांड का वाचन कर भगवान वासुपुज्य की पूजा कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

# विमान का इंजन फेल होने से अफरा-तफरी

- पायलट की सूझबूझ से 161 यात्रियों की जान बची
- दिल्ली से इंदौर आ रही फ्लाइट में आई खराबी




**इंदौर. दिल्ली से इंदौर आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को शुक्रवार सुबह अचानक आई तकनीकी खराबी के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी. विमान में सवार 161 यात्री कुछ देर के लिए दहशत में आ गए, लेकिन पायलट की तत्परता से सभी सुरक्षित रहे.**

सुबह लगभग 8.28 बजे दिल्ली से रवाना हुई उड़ान संख्या आईएक्स-1104 को तय समय से करीब आधे घंटे देरी से उड़ान भरनी पड़ी थी. जैसे ही विमान इंदौर एयरपोर्ट की ओर बढ़ा, उसके बाएं इंजन में खराबी आ गई. स्थिति को भांपते हुए पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना दी. एटीसी ने आपातकालीन स्थिति घोषित कर एयरपोर्ट पर रेस्क्यू टीम, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सहित सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया. इमरजेंसी लैंडिंग की खबर फैलते ही विमान में बैठे यात्रियों के बीच घबराहट का माहौल बन गया. एयरपोर्ट पर मौजूद उनके परिजन भी बेचैनी में इधर-उधर दौड़ने लगे. हालांकि, पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को सुबह 9.51 बजे सुरक्षित उतार दिया. लैंडिंग के बाद विमान रनवे-02 पर ही रोक दिया. एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, एयर इंडिया की इंजीनियरिंग टीम ने तकनीकी खराबी की जांच शुरू कर दी है. फिलहाल विमान का निरीक्षण जारी है और यात्रियों को वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था करने के प्रयास किए जा रहे हैं.

# नाबालिग ने शादी के दबाव में की आत्महत्या

- परिवार और युवक के जिद के आगे झुकी नहीं
- वीडियो में सुनाई थी पीड़ा, पुलिस कर रही जांच

**इंदौर. सिमरोल थाना क्षेत्र के दतोदा गांव में 16 वर्षीय किशोरी ने शादी के लिए परिजन और एक युवक द्वारा बनाए जा रहे दबाव से परेशान होकर जहर खा लिया, इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई. मरने से पहले किशोरी ने मोबाइल पर वीडियो रिकॉर्ड कर अपनी मजबूरी बयां की थी, जिसमें शादी के लिए डाले जा रहे दबाव का जिक्र है.**

नाबालिग ने दो दिन पहले जहर खा लिया था. परिजन पहले उसे पास के अस्पताल ले गए, लेकिन तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उसे जूपीटर हॉस्पिटल में भर्ती कराया, यहां इलाज के दौरान गुरुवार को उसने दम तोड़ दिया. शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज जांच शुरु की. परिजनों और गांव के एक युवक पर आरोप है कि वे किशोरी को शादी के लिए मजबूर कर रहे थे, जबकि वह इसके लिए तैयार नहीं थी. लगातार दबाव और मानसिक तनाव के कारण उसने यह कदम उठाया. सिमरोल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. वीडियो बयान के आधार पर आरोपियों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है. पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### अचानक बिगड़ी तबीयत, 21 वर्षीय महिला की मौत

इंदौर. खजराना क्षेत्र की कृष्णबाग कॉलोनी में रहने वाली 21 वर्षीय राधा पत्नी अमित की गुरुवार को तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई. वह बीते एक सप्ताह से बीमार चल रही थी और इलाज ले रही थी. राधा की शादी करीब डेढ़ साल पहले हुई थी. गुरुवार को उसकी तबीयत अचानक बिगड़ी तो पहले परिजन उसे नजदीकी निजी अस्पताल लेकर गए. हालत में सुधार न होने पर शाम को एमवाय अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. राधा के पति कारपेट की दुकान में काम करते हैं और परिवार भी पास ही रहता है. अचानक हुई इस मौत से परिजनों में शोक व्याप्त है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच की जा रही है.

# गाड़ी हटाने की बात पर कैफे संचालक का हमला

### कार में की तोड़फोड़

इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र में सड़क पर खड़ी गाड़ी हटाने की बात पर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया. आरजी कैफे के संचालक और उसके साथियों ने कार सवार युवक पर हमला कर दिया और उसकी कार में जमकर तोड़फोड़ की. बीच-बचाव करने आए अन्य युवकों को भी नहीं बख्शा गया.

भंवरकुआं पुलिस के अनुसार, घटना सर्वानंद नगर के पास प्रभापुरी कॉलोनी में स्थित आरजी कैफे के सामने हुई. फरियादी करणसिंह भाटिया पिता इंद्रजीत सिंह भाटिया निवासी भोलाराम उस्ताद मार्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कैफे के सामने कुछ वाहन सड़क पर खड़े थे. उसने कैफे संचालक विनायक से कहा कि गाड़ियां सही जगह लगवाई जाएं ताकि रास्ता जाम न हो, इस पर विनायक भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा. फरियादी ने जब विरोध किया तो आरोपी विनायक, उसका भाई उज्जवल और लक्की सोलंकी मिलकर मारपीट करने लगे. इसी दौरान राहगीर सर्वज्ञ, मोहित और यश बीच-बचाव के लिए आगे आए तो उनके साथ भी हाथापाई की गई. आरोपियों ने गुस्से में आकर करणसिंह की कार में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया और धमकियां देकर वहां से भाग निकले.

## युवक का मोबाइल लेकर फरार हुए बदमाश

**इंदौर.** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में मोबाइल लूट की वारदात सामने आई है. बाइक पर सवार दो बदमाश राह चलते युवक से उसका मोबाइल फोन झपटकर फरार हो गए. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

घटना महावर नगर रोड, अन्नपूर्णा नगर की है. फरियादी मोहित पिता राजेश चौहान निवासी लोकमान्य नगर का कहना है कि वह सड़क पर जा रहा था, तभी बाइक से आए दो बदमाश उसका वीवो कंपनी का मोबाइल फोन छीनकर भाग निकले. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की पहचान और उनकी लोकेशन का सुराग खोजा जा रहा है.

# बीच-बचाव करने गए युवकों पर पत्थर से हमला

इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र में विवाद सुलझाने पहुंचे दो युवकों पर आरोपी ने मारपीट कर दी और पत्थर से हमला कर घायल कर दिया. घटना एन सेक्टर नंदन नगर की बताई जा रही है.


फरियादी राजेश पिता पन्नालाल बिडारे ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त महेश राजोरे के साथ आरोपी सुभाष उर्फ गब्बू पिता रूपचंद प्यासे को समझाने गया था. इस पर आरोपी भड़क उठा और बोला तुम हमारे बीच में बोलने वाले कौन हो. इसके बाद उसने गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी. राजेश ने बताया कि इसी दौरान आरोपी ने महेश पर पत्थर फेंका, जिससे वह घायल हो गया. शोर सुनकर काकी मनीषा, मां कुसुमबाई और बुआ की बेटी रोशनी बीच-बचाव के लिए पहुंचीं तो आरोपी ने उनके साथ भी गाली-गलौच की और धमकाया कि अगर फिर बीच में आए तो जान से खत्म कर देगा. पुलिस ने आरोपी सुभाष उर्फ गब्बू के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की.

**बाइक न देने पर युवक पर तलवार से हमला-** इंदौर. तुकोगंज थाना क्षेत्र में देर रात शराब ले जाने के लिए बाइक न देने पर युवक पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया.

वारदात अमर टेकरी नानीजी का बाड़ा क्षेत्र की है. फरियादी रोशन पिता बाबूराव वाकोड़े ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी शुभम उर्फ शुब्बू सरदार ने उससे बाइक मांगी थी, आरोपी ने कहा कि वह शराब लेने जा रहा है. जब रोशन ने बाइक देने से मना किया तो शुभम ने पहले गालियां दीं और फिर तलवार लेकर हमला कर दिया. पीड़ित ने बताया कि तलवार का पहला वार सिर पर किया, जिससे गंभीर चोट आई और खून बहने लगा. दूसरा वार होते समय उसने आरोपी का हाथ पकड़ लिया. इसी दौरान चिंकू यादव और गौरव नामक युवक मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया. इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए भाग गया. जाते-जाते उसने कहा आज तो बच गया, अगली बार जान से खत्म कर दूंगा. पुलिस ने आरोपी शुभम उर्फ शुब्बू सरदार निवासी अमर टेकरी के खिलाफ जानलेवा हमले सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है.

**एक नजर में** — मामला एमआर 10 स्थित स्टार चौराहे का

# चौराहे पर भर जाता है पानी, वाहन चालक होते हैं परेशान



**इंदौर. मामला बरसात के पानी की निकासी से जुड़ा हुआ है. देखने में यह आया है कि थोड़ी बरसात के बाद ही शहर की सड़कें तालाब में तब्दील हो जाती है.**


नगर निगम के अधिकारी एवं अनुभवी इंजीनियर द्वारा एमआर-10 मार्ग पर चित्रगुप्त चौराहा स्टार चौराहा जो कि बायपास के करीब पड़ता है, इस चौराहे से इंदौर सिटी, रिंग रोड, बायपास खजराना एवं निपानिया क्षेत्र में पहुंच मार्ग जाता है. बायपास से जुड़े होने के कारण इस मार्ग पर यातायात का दबाव अधिक है. दिखने में जितना सुंदर और चौड़ा मार्ग है उतना ही बरसात में यही मार्ग लोगों के लिए मुसीबत बन जाता है. पानी की निकासी नहीं होने के कारण चौराहे के सभी मार्ग पर एक से डेढ़ फीट तक पानी भर जाता है. जहां वाहन चालकों को निकालने में असुविधा होती हैं. दिन में कई बार जाम की स्थिति भी निर्मित हो जाती है. बरसात के दिनों में इस तरह की तस्वीर आम बात है. ऐसे दृश्य देखकर साफ प्रतीत होता है कि नगर निगम के इंजीनियर किस गुणवत्ता के साथ कम करते हैं. कुल मिलाकर सड़क से निकासी ही गायब है.

**इनका कहना है ...**




देश भर में पहले पायदान पर आने वाले शहर की तस्वीर दिन-ब-दिन बदलत रही है. हर तरफ विकास किया जा रहा है. ऐसे में इतनी बड़ी चूक होना समझ के परे हैं.

**- पप्पू कादर खान**



चारों तरफ के क्षेत्र ऊंचे और चौराहा नीचे हो गया हैं, जिस कारण पानी एक ही जगह भर जाता है. ऐसे में आम जनता को किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है.

**- आकाश प्रजापति**



पानी में फांसी किसी की गाड़ी बंद हो जाती है तो कभी जाम लग जाता है

बरसात में आम लोगों के लिए यहां से निकलना आसान नहीं है इसका निराकरण होना चाहिए.

**- दिनेश चौहान**